भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS

# आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
# MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 05.09.2024

## आरेडिका, रायबरेली में सुरक्षा उपायों को किया गया सुदृढ़

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली कालोनी की सुरक्षा सुदृढ़ीकारण हेतु प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ( IG/RPF ) के द्वारा संयुक्त सुरक्षा निरीक्षण करके सुरक्षा सुधार के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान की गई है। जिसमें सीसीटीवी, सुरक्षा कर्मियों की अतिरिक्त नियुक्ति एवं उनके द्वारा गश्त बढ़ाना, बाउंड्री वॉल की मरम्मत एवं आवश्यकतानुसार ऊँचाई बढ़ाना, दरवाजों की सुरक्षा के लिए कार्य करना और टाइप–II क्वार्टर्स में पीछे की खिड़की की ग्रिल को सुरक्षित करना शामिल है।

आरेडिका रायबरेली ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के सहयोग से आवासीय परिसर में सुरक्षा के उपायों को सुरक्षा बलों की तैनाती में वृद्धि कर सुरक्षा सुदृढ़ीकरण के तहत आवासीय परिसर में अतिरिक्त 22 उ.प्र.पू.सै.क.नि.लि. के गार्ड्स को तैनात किया गया है। गार्ड्स को टाइप–II टाइप–III टाइप–IV और टाइप–V क्वार्टर्स जैसे विभिन्न आवासीय ब्लॉक्स में रणनीतिक रूप से तैनात किया गया है। गश्त के कार्यों को भी तेज किया गया है, जिसमें सहायक उप निरीक्षक/रे.सु.ब. और उ.प्र.पू. सै.क.नि.लि. पर्यवेक्षकों द्वारा रात 22:00 बजे से सुबह 05:00 बजे तक लगातार गश्त की जा रही है। रात्रि में प्रभारी निरीक्षक,रे.सु.ब. और सहायक सुरक्षा आयुक्त/रे.सु.ब. (ASC/RPF) द्वारा औचक निरीक्षण किया जा रहा है। प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त/रे.सु.ब. (PCSC/RPF ) भी औचक निरीक्षण के माध्यम से संचालन की निगरानी कर रहे हैं।

सीसीटीवी कैमरों के साथ सुरक्षा निगरानी को सुदृढ़ करने के लिए आवासीय परिसर में 30 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। जो महत्वपूर्ण क्षेत्रों को कवर करते हैं। आवासीय और कारखाना परिसर में व्यापक कवरेज प्रदान करने के उद्देश्य से आईटी विभाग द्वारा अतिरिक्त कैमरों को लगाने की प्रक्रिया की जा रही है। यह तकनीकी उन्नयन सुरक्षा को बढ़ाने और संभावित सुरक्षा खतरों को रोकने में सहायक होगा।

सुरक्षा को बढ़ाने के लिए अतिरिक्त रोकथाम रखरखाव और कल्याणकारी उपायों को लगातार लागू किया जा रहा है। आरेडिका रायबरेली के प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता द्वारा निरीक्षण के उपरान्त सभी 38 हाईमास्ट लाइट को शाम 06:30 से सुबह 05:30 तक चालू रखा जा रहा है और कुछ जगहों को चिन्हित करके वहाँ पर भी नई हाईमास्ट लाइट लगाई जायेंगी। आरेडिका में 2818 रोड लाइट लगी हैं। जिसमें कुछ निष्क्रिय लाइट की मरम्मत का कार्य प्रगति पर है। आरेडिका रायबरेली अपने निवासियों और कार्यबल के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

ये पहल सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने के निरंतर प्रयास का हिस्सा हैं, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि आवासीय परिसर सभी के लिए एक सुरक्षित स्थान बना रहे।

05/9/2024

(आर.एन. तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी